Title: Need to enquire into the alleged irregularities in constructing four −lane road leading from Dhanbad, Jharkhand to Barachatti in Bihar.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड में धनबाद से लेकर बिहार के गया जिले के बाराचट्टी तक चार लेन जीटी रोड बनाई जा रही है । इस रोट में एल एंड टी, एच. सी. सी. और भी कई कंपनियां हैं । इसमें घटिया किस्म का काम हो रहा है और सीमेंट की ढुलाई भी खराब तरीके से हो रही है। मैंने कई बार इस संबंध में माननीय मंत्री जी को लिखा है, लेकिन इस पर अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है । जो भी केंद्रीय टीम वहां जाती है वह इधर-उधर घूम कर आ जाती है । जहां काम चल रहा है, वहां केंद्रीय टीम नहीं जाती है ।

अध्यक्ष महोदय, वहां पर मिनिमम वेजेज का भी भुगतान नहीं हो रहा है । ऐसे हजारों किसान और गरीब लोग हैं जिन्से चार लेन रोड के लिए जमीन ली गई है, उनको अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है और जबरदस्ती उनके घरों को ढाह कर प्रशासन की मदद से उस पर रोड बनाने का काम हो रहा है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकृट करना चाहता हूं कि इस पर आवश्यक कार्यवाही की जाए और जांच की जाए । चार लेन रोड बनाने में जो अरबों रुपयों की लूट हो रही है, उसे रोकने के लिए दोाी लोगों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए ।